वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट- 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/world-happiness-report-2019

चर्चा में क्यों?

हाल ही में सतत् विकास समाधान नेटवर्क (Sustainable Development Solution Network- SDSN) ने वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट-2019 ज़ारी की है।

प्रमुख बिंदु

- SDSN ने वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट-2019 में 156 देशों को शामिल किया है।
- सबसे खुशहाल देशों में फ़िनलैंड लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर है। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमश: डेनमार्क एवं नॉर्वे हैं।
- इस वर्ष भारत का स्थान 140वाँ है जो पिछले वर्ष से 7 स्थान नीचे है।
- पड़ोसी देशों में चीन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका और म्याँमार को क्रमश: 93, 67, 154, 100, 95, 125, 130 और 131वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।

रिपोर्ट के बारे में

- यह रिपोर्ट प्रत्येक वर्ष सतत् विकास समाधान नेटवर्क (Sustainable Development Solution Network- SDSN) द्वारा प्रकाशित की जाती है।
- वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट का प्रकाशन वर्ष 2012 से शुरू हुआ था। इस वर्ष इसका सातवाँ संस्करण प्रकाशित किया गया है।
- खुशहाली को आँकने के लिये सूचकांक में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, कठिन समय में व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा, स्वस्थ जीवन की प्रत्याशा, सामाजिक सरोकार, व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा भ्रष्टाचार और उदारता की अवधारणा को आधार बनाया जाता है।

SDSN

- संयुक्त राष्ट्र के तत्त्वाधान में संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क (Sustainable Development Solution Network- SDSN) 2012 से काम कर रहा है।
- SDSN सतत् विकास हेतु व्यावहारिक समाधान को बढ़ावा देने के लिये वैश्विक वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञता जुटाता है, जिसमें सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और पेरिस जलवायु समझौते का कार्यान्वयन भी शामिल है।
- SDSN संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, बहुपक्षीय वित्तपोषण संस्थानों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के साथ मिलकर काम करता है।

स्रोत: वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट, **unsdsn.org**